प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.07.2026 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को करेंगे संबोधित।
2. स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफ़ान अंसारी ने कहा–15 मिनट में जरूरतमंदों तक एम्बुलेंस पहुंचाने का है लक्ष्य, राज्य में 108 सेवा को अत्याधुनिक बनाने की तैयारी।
3. झारखण्ड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अनियमितता मामले में सीआईडी ने बढ़ाया जांच का दायरा, दो और आरोपी गिरफ्तार।
4. मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, गुमला और लोहरदगा समेत राज्य के कई जिलों में 28 जुलाई तक के लिए जारी की भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी।
5. महिला एशियन हॉकी के सेमीफाइनल में झारखंड की खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, भारत ने कजाकिस्तान को हराकर फाइनल में किया प्रवेश।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 136वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट तथा न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम साढ़े चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–2026 के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। इस दौरान देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कर रहे 400 से अधिक युवा प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे।

**************

केंद्र सरकार कल लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेगी। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह इस विधेयक को सदन में प्रस्तुत करेंगे। इसका उद्देश्य लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में संशोधन करना है।

**************

शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि वे नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के पिछले 12 सालों में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं।

**************

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफ़ान अंसारी ने कहा है कि राज्य सरकार ने एक सौ आठ एम्बुलेंस सेवा को पूरी तरह आधुनिक और मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। पुरानी एम्बुलेंस को हटाकर अत्याधुनिक एम्बुलेंस लाई जाएंगी। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि किसी भी आपात स्थिति में पंद्रह मिनट के भीतर एम्बुलेंस मरीज तक पहुंच जाए।

**************

व्यापारियों की प्रतिनिधि संस्था फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के वार्षिक चुनाव की प्रक्रिया अगले महीने से शुरू हो जाएगी। संस्था के महासचिव रोहित अग्रवाल ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में मीडिया से बातचीत की।

**************

झारखण्ड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में गड़बड़ी से जुड़े मामले में गिरफ्तार आरोपियों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से लाकर सीआईडी की टीम ने मुख्यालय में पूछताछ की। सभी से पहले अलग–अलग और

फिर आमने–सामने बिठाकर पूछताछ की गई। इधर, सीआईडी ने आयोग की पूर्व परीक्षा उप–नियंत्रक सरोजिनी एनी तिर्की के आप्त सचिव सोनू कुमार और अभय तिवारी के सहयोगी अरविन्द मंडल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**************

केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि कुछ फर्जी वेबसाइटें एयर सुविधा के नाम पर यात्रियों को गुमराह कर रहे हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति में मंत्रालय ने बताया कि एयर सुविधा की सेवाएं पूरी तरह से निःशुल्क हैं और स्व–घोषणा पत्र जमा करने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।

**************

लद्दाख में 27वें करगिल विजय दिवस समारोह का पहला दिन कल शाम द्रास स्थित करगिल युद्ध स्मारक पर आयोजित शौर्य संध्या समारोह के साथ संपन्न हुआ। समारोह के दौरान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने करगिल शहीदों के परिजनों को श्रद्धांजलि अर्पित कर ऑपरेशन विजय के वीर योद्धाओं के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

**************

रांची जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत 99.95 प्रतिशत मतदाताओं के बीच इन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण पूरा हो गया है। अब तक 86.69 प्रतिशत फॉर्म का डिजिटाइजेशन और 80.21 प्रतिशत फॉर्म का सत्यापन किया जा चुका है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शेष मतदाताओं से जल्द फॉर्म जमा करने और अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है।

**************

जामताड़ा जिले के उपायुक्त आलोक कुमार ने नाला प्रखंड में करीब 95 एकड़ रकवा में फैले काजू बागान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि काजू की खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**************

हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने केरेडारी प्रखंड स्थित एनटीपीसी की कोल परियोजना चट्टी बरियातू का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने विस्थापित परिवारों की समस्यायों को जाना। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन जल्द इन परेशानियों को दूर करने की कोशिश करेगा।

**************

मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा समेत आसपास के जिलों में 28 जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर निम्न दबाव वाला क्षेत्र बनने के कारण राज्य के कई हिस्सों में वज्रपात के साथ बारिश होगी।

**************

मस्कट में चल रही महिला एशियन हॉकी पांच एस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने कजाकिस्तान को आठ–एक से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। झारखंड की खिलाड़ियों संदीपा कुमारी और श्रुति कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक–एक गोल, जबकि पुष्पा मांझी ने हैट्रिक लगाकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

**************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकतर प्रमुख अख़बारों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन ख़तम होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की हेडलाइन है–धर्मेंद्र अब शिक्षा के प्रधान नहीं, सीजेपी का आंदोलन खत्म।

हिंदुस्तान ने लिखा है—केंद्र सरकार ने सीजेपी की सभी तीन मांगें मानी, जंतर—मंतर पर देर रात तक जश्न मनाते रहे प्रदर्शनकारी।

दैनिक जागरण की लीड है—जेपीएससी के गिरफ्तार आरोपियों से सीआईडी ने पूछे सवाल—काली सूची में डाली गई कंपनी को परीक्षा लेने का जिम्मा कैसे मिला।

दैनिक भास्कर लिखता है—चक्रधरपुर रेल मंडल में भ्रष्टाचार पर सीबीआई की कार्रवाई—रेलवे के इंजीनियर चार लाख रुपए घूस लेते गिरफ्तार।

*********समाप्त***********